**No of Question – 45**

**सेट – 1**

**CLASS XI**

**HINDI (ELECTIVE/ADDL) – (ARTS/SC/COM)**

**Full Marks - 90**

**Pass Marks – 30**

**निर्देश – इस प्रश्न–पत्र में 45 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए दो (2) अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**खण्ड – (क)**

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा (प्रश्न संख्या 1 से 5 के) उत्तर दीजिए।**

धन की चाह व्यक्ति को नाश की ओर ले जाती है । धन की चाह कभी समाप्त नहीं होती । वह धन प्राप्त होने पर और बढ़ जाती है । धन लिप्सा अथाह सागर की तरह है । इसके तल की थाह नहीं पाई जा सकती । जो व्यक्ति धन की उत्कट कामना से ग्रसित होता है, वह नीच–से–नीच काम कर सकता है । उसे अपने सम्मान की भी कोई चिंता नहीं होती । सम्मान को बेचकर उसे धन मिलता हो तो भी वह नहीं चूकता । समाज उसे चाहे हेय दृष्टि से देखता हो, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता । वह धन के लिए किसी के भी आगे गिड़गिड़ा सकता है, अपशब्द सुन सकता है । इस तरह धन लिप्सा के सागर में उसका सम्मान डूब जाता है ।

1) धन की चाह मनुष्य को किस ओर ले जाती है ?

(A) सम्मान की ओर (B) विनाश की ओर

(C) कामना की ओर (D) दृष्टि की ओर

2) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार किसके तल की कोई थाह नहीं होती ?

(A) धन लिप्सा रूपी सागर (B) कर्म लिप्सा रूपी सागर

(C) रूप लिप्सा रूपी सागर (D) पद लिप्सा रूपी सागर

3) कैसे व्यक्ति समाज में नीच-से-नीच काम सम्मान की चिंता किए बिना ही कर देते है ?

(A) ज्ञान की उत्कट कामना से ग्रसित व्यक्ति

(B) सम्मान की उत्कट कामना से ग्रसित व्यक्ति

(C) धन की उत्कट कामना से ग्रसित व्यक्ति

(D) मोक्ष की उत्कट कामना से ग्रसित व्यक्ति

4) धन लोलुपों को समाज कैसी दृष्टि से देखता है ?

(A) हेय दृष्टि से

(B) सम्मान की दृष्टि से

(C) लिप्सा की दृष्टि से

(D) चिंता की दृष्टि से

5) प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक बताइए –

(A) धन लिप्सा का परिणाम

(B) सम्मान लिप्सा का परिणाम

(C) काम लिप्सा का परिणाम

(D) सागर लिप्सा का परिणाम

निर्देश :– निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर (प्रश्न संख्या 6 से 10 का) उत्तर दीजिए।

भटक गया है देश दलों के बीहड़ वन में
कदम-कदम पर संशय ही उगता है मन में
नेता क्या हैं निज-निज गुट के महापात्र हैं
राष्ट्र कहाँ है शेष, शेष बस राज्य मात्र है ।

P1 ②

6) देश किसके बीहड़ वन में भटक गया है?

(A) सामाजिक दल

(B) राजनैतिक दल

(C) धार्मिक दल

(D) साहित्यिक दल

7) मन में हमेशा संशय क्यों उत्पन्न होता है?

(A) भविष्य की चिंता के कारण

(B) अतीत की चिंता के कारण

(C) रोजगार की चिंता के कारण

(D) शिक्षा की चिंता के कारण

8) यहाँ 'राष्ट्र' का क्या आशय है?

(A) विभाजित देश

(B) सम्पन्न देश

(C) एकजुट देश

(D) उन्नत देश

9) प्रस्तुत पद्यांश का उचित शीर्षक बताइए –

(A) देश और नेता

(B) मन का संशय

(C) शेष राष्ट्र

(D) वीहड़ वन

10) 'संशय' शब्द का अर्थ क्या है?

(A) संदेह

(B) सन्मार्ग

(C) समस्त

(D) सज्जन

11) निबंध का अंतिम भाग कहलाता है –

(A) प्रस्तावना (B) विषय–विस्तार

(C) निष्कर्ष (D) परिचय

12) निबंध–लेखन में ................विचारों की अभिव्यक्ति होती है ?

(A) मौलिक (B) सराहनीय

(C) अनुकृत (D) विकृत

13) समाचार पत्र के संपादक के नाम लिखे गए पत्र में संबोधन हेतु किस शब्द का प्रयोग प्रचलित है ?

(A) महोदय (B) प्रिय

(C) महानुभाव (D) बंधु

14) जनसंचार माध्यमों का प्रमुख कार्य क्या है ?

(A) सूचना देना और शिक्षित करना

(B) लोगों को सुझाव देना

(C) आर्थिक सहायता एवं विकास प्रदान करना

(D) राजनैतिक मार्गदर्शन एवं सुधार प्रदान करना

15) रिपोर्ट में दी गई जानकारी का स्वरूप होना चाहिए–

(A) मिथकीय (B) विस्तृत

(C) तथ्यात्मक (D) काल्पनिक

16) पी0टी0आई0 क्या है ?

(A) समाचार एजेंसी (B) गुप्तचर विभाग

(C) पुलिस (D) साहित्यिक मंच

17 (4)

17) पत्रकारिता के विकास में कौन सा मूल भाव सक्रिय रहता है ?

(A) संवेदना (B) जिज्ञासा

(C) प्रतिस्पर्धा (D) आर्थिक तंगी

18) सिनेमा और रंगमंच की तरह रेडियो एक दृश्य माध्यम नहीं बल्कि ........... है –

(A) श्रव्य माध्यम (B) दृश्य–श्रव्य माध्यम

(C) मुद्रित माध्यम (D) मुद्रित एवं दृश्य माध्यम

19) साप्ताहिक पत्रिका सप्ताह में कितनी बार प्रकाशित होता है –

(A) दो बार (B) तीन बार

(C) एक बार (D) चार बार

20) 'स्टिंग ऑपरेशन' किस पत्रकारिता का एक रूप है ?

(A) खोजपरक पत्रकारिता (B) एडवोकेसी पत्रकारिता

(C) वॉचडॉग पत्रकारिता (D) विशेषीकृत पत्रकारिता

निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर (प्रश्न संख्या 21–23 का) उत्तर दीजिएः–

शहरी बनियों सा वह भी उठ
क्यों बन जाता नहीं महाजन ?
रोक दिए हैं किसने उसकी
जीवन उन्नति के सब साधन ?
यह क्या संभव नहीं
व्यवस्था में जग की कुछ हो परिवर्तन ?

21) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है ?

(A) हँसी की चोट (B) जाग तुझको दूर जाना

(C) संध्या के बाद (D) घर में वापसी

22) प्रस्तुत कविता में कैसी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया गया है?

(A) साम्यवादी (B) राजतांत्रिक

(C) निरंकुश (D) साम्राज्यवादी

23) शहरी बनियों के समान किनके महाजन बन जाने की कल्पना की गई है?

(A) गाँव के मजदूर (B) गाँव के दुकानदार

(C) गाँव के जमींदार (D) गाँव के जमादार

24) 'नींद उचट जाती है' किसकी रचना है?

(A) श्रीकांत वर्मा (B) नरेंद्र शर्मा

(C) महादेवी वर्मा (D) नागार्जुन

25) कवि नरेंद्र शर्मा ने भीतर के दुःस्वप्नों से भयावह किसे माना है?

(A) बाहर के अंधकार को (B) बाहर के प्रकाश को

(C) घर के वातावरण को (D) मन की चिंताओं को

26) रिश्ते हैं लेकिन खुलते नहीं – कवि के सामने ऐसी कौन सी विवशता है जिससे आपसी रिश्ते भी नहीं खुलते हैं?

(A) बीमारी (B) गरीबी

(C) लालच (D) हड़बड़ी

27) 'सिकता सलिल समीर सदा से' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(A) उपमा (B) अनुप्रास

(C) श्लेष (D) रूपक

28) जाग तुझको दूर जाना कविता में क्या प्रेरणा दी गई है?

(A) कठिनाइयों से जूझने की

(B) कठिनाइयों को जन्म देने की

(C) कठिनाइयों से भागने की

(D) कठिनाइयों की उपेक्षा करने की

29) महादेवी वर्मा को अपने किस काव्यकृति के लिए भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(A) नीहार  (B) नीरजा

(C) यामा  (D) रश्मि

30) प्रकृति का सुकुमार कवि किन्हें कहा गया है?

(A) सुमित्रानंदन पंत  (B) महोदवी वर्मा

(C) नार्गाजुन  (D) धूमिल

निर्देश (संख्या 31–33) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न के उत्तर दीजिए :–

सारा घर मक्खियों से भिनभिना रहा था। आँगन की अलगनी पर कई पैबंद लगी एक गंदी साड़ी टँगी थी। दोनों बड़े लड़कों का वहाँ कही पता न था। बाहर कोठरी में मुंशी जी औधे मुँह होकर ऐसी निश्चिंतता से सो रहे थे, मानों डेढ़ महीने पूर्व मकान-किराया-नियंत्रण विभाग की क्लर्की से उनकी छँटनी न हुई हो या फिर मानो उन्हें शाम को किसी काम की तलाश में कहीं जाना न हो।

31) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक कौन हैं?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि  (B) रांगेय राघव

(C) प्रेमचंद  (D) अमरकांत

32) घर में मक्खियों का भिनभिनाना पंक्ति से घर की कैसी अवस्था का संकेत मिलता है?

(A) सम्पन्नता  (B) दरिद्रता

(C) खुशहाली  (D) धार्मिक

33) विभाग की क्लर्की से किनकी छँटनी हुई है?

(A) मुंशी चंद्रिका प्रसाद  (B) मुंशी प्रेमचंद

(C) मुंशी अम्बिका प्रसाद  (D) मुंशी राधारमण

34) ज्योतिबा फुले ने किस प्रकार की मानसिकता पर प्रहार किया ?

(A) रूढ़िवादी
(B) आदर्शवादी
(C) यथार्थवादी
(D) साम्यवादी

35) गजानन माधव मुक्तिबोध के अनुसार व्यावहारिक सामान्य बुद्धि क्या है ?

(A) अपनी बुद्धि विवेक से लोगों को निराश करना
(B) अपनी बुद्धि विवेक से लोगों को प्रसन्न करना
(C) अपनी बुद्धि विवेक से लोगों को परास्त करना
(D) अपनी बुद्धि विवेक से लोगों को लूटना

36) जसदेव की पिटाई के बाद मजदूरों का समूचा दिन कैसे बीता ?

(A) भय और दहशत में
(B) दुख और निराशा में
(C) शांति और सुकून में
(D) भक्ति और आनंद में।

37) उसकी माँ कहानी के लेखक कौन है ?

(A) प्रेमचंद
(B) अमरकांत
(C) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'
(D) सुधा अरोड़ा

38) 'अभिधार्थ एक होते हुए भी ध्वन्यार्थ और व्यंग्यार्थ अलग अलग हो जाते हैं।' प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ से उद्धृत है ?

(A) नए की जन्म कुंडली
(B) टार्च बेचनेवाले
(C) दोपहर का भोजन
(D) भारत वर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है ?

39) हंस पत्रिका का प्रकाशन किसने प्रारंभ किया ?

(A) अमरकांत
(B) मुंशी प्रेमचंद
(C) मुक्ति बोध
(D) सुधा अरोड़ा

40) अंधेर नगरी नाटक की रचना किसने की ?

(A) मोहन राकेश (B) रांगेय राधव

(C) अमरकांत (D) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

41) 'अंडे के छिलके' पाठ में बीना अंडे का क्या बना रही है ?

(A) ऑम्लेट (B) हलवा

(C) सब्जी (D) भुजिया

42) शरत्चंद्र लिखित उपन्यास का नाम बताएँ।

(A) गोदान (B) आनंदमठ

(C) श्रीकान्त (D) त्याग पत्र

43) 'आवारा मसीहा' में लेखक ने शरत्चंद्र की तुलना किससे की है ?

(A) रॉबिनहुड (B) शिवाजी

(C) विद्यासागर (D) ज्योतिबा फूले

44) किसकी मृत्यु के बाद मकबूल घर में गुमसुम सा रहता था ?

(A) पिता (B) माता

(C) दादा (D) दादी

45) 'अंडे के छिलके' पाठ के आरंभ में अम्मा की कैसी तसवीर उभरती है ?

(A) परम्परावादी स्त्री (B) आधुनिक स्त्री

(C) धार्मिक स्त्री (D) चतुर स्त्री

## हिन्दी

सेट – 1

## उत्तर कुंजी

वर्ग –

| प्रश्न सं0 | सही उत्तर | प्रश्न सं0 | सही उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | B | 21 | C |
| 2 | A | 22 | A |
| 3 | C | 23 | B |
| 4 | A | 24 | B |
| 5 | A | 25 | A |
| 6 | B | 26 | B |
| 7 | A | 27 | B |
| 8 | C | 28 | A |
| 9 | A | 29 | C |
| 10 | A | 30 | A |
| 11 | C | 31 | D |
| 12 | A | 32 | B |
| 13 | A | 33 | A |
| 14 | A | 34 | A |
| 15 | C | 35 | B |
| 16 | A | 36 | A |
| 17 | B | 37 | C |
| 18 | A | 38 | A |
| 19 | C | 39 | B |
| 20 | A | 40 | D |
| | | 41 | B |
| | | 42 | C |
| | | 43 | A |
| | | 44 | C |
| | | 45 | A |